**Construction Of One No. Panchayat Sarkar Bhawan At Each Panchayat (Bhalura Simtoka Panchayat And Rampur Shanbhuta Panchayat) At Aurai Block In Muzaffarpur District For The Year - 2025-26 (Electrification Included).Tender ID-128754 कार्य से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-23.07.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

(i) ई० रामाज्ञा कुमार, मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। – अध्यक्ष

(ii) श्री रविकान्त अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर। – सदस्य

(iii) श्री विनोद कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल मुजफ्फरपुर। – सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction Of One No. Panchayat Sarkar Bhawan At Each Panchayat (Bhalura Simtoka Panchayat And Rampur Shanbhuta Panchayat) At Aurai Block In Muzaffarpur District For The Year - 2025-26 (Electrification Included).Tender ID-128754 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹5.00 करोड़ (02 अद्द के लिए 2.50 करोड़ की दर से) (पंचायती राज्य विभाग का ज्ञापांक-1291 दिनांक-08.12.2024) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युतीकरण कार्य सहित) | – | ₹4,70,36,250/- |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹4,95,84,368/- |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 06.04.2026 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 08.05.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 09.05.2025 |
| 8. | प्री-बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | (a)दिनांक-22.04.2026 को 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर के कार्यालय कक्ष में।<br>(b)दिनांक-27.04.2026 को 3:00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12(बारह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक जागरण, दिनांक-10.04.2026 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 000406(भवन)2026-27 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | (i) SUDHA SINGH CONSTRUCTION PVT LTDCHOTA BARIYARPUR,MOTIHARI,EAST CHAMPARAN(Reg no-2171/2026, BSEIDC Class-1) |

14. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित निविदाः-</u> विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के सफल रहने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित निविदा(वर्त्तमान में):-</u> विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार प्राप्त निविदा में उपरोक्त एकमात्र निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त निविदाकार का तकनीकी बीड अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर का पत्रांक-681 अनु0 दिनांक-12.05.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त निविदाकार तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया किः-

(i) प्रथम निविदाकार "Sudha Singh Construction Pvt Ltdchota Bariyarpur,Motihari,East Champaran (Reg no-2171/2026, BSEIDC Class-1)" हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि निविदा में एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अन्तर्गत विद्युतीकरण कार्य हेतु Sublet किये गये ऐजेंसी का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) में "नॉन-रिस्पोंन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "असफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पाया गया कि यह निविदा द्वितीय बार आमंत्रित निविदा है, अतएव इस निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के कारण वर्त्तमान निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया जाता है।

16. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 23/07/26 | 23/07/2026 | 23.7.26 |
| (विनोद कुमार) | (रविकान्त) | (रामाज्ञा कुमार) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(उ0) |
| भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर। | भवन अंचल, मुजफ्फरपुर। | भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक– भ0उ0वि0/यो0(मुज0)–24/2025-3619 पटना, दिनांकः– 29/7/26

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।